**R/P/P/2024/II**

प्रश्न-पुस्तिका क्र.
Question Booklet No.

**240712209**

विषय-हिन्दी
**Subject-HINDI**
द्वितीय प्रश्न-पत्र (ऐच्छिक)
**Paper II (Optional)**
विषय कोड-07
**Subject-Code-07**

**SET A**

नाम
Name

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें।
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : 16 — कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : 100

समय : 3 घण्टे प्रथम व द्वितीय प्रश्न-पत्र मिलाकर हल करने हेतु — अधिकतम पूर्णांक/Maximum Marks : 200

Time Allowed : 3 Hours to complete both Ist and IInd question paper

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर सही है। उचित विकल्प चुनें और उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर सम्बन्धित वृत्त को काले बॉल प्वॉइंट पेन से काला करें।
2. इस परीक्षा में दो प्रश्न-पत्र हैं जिसमें कुल मिलाकर 150 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। दोनों प्रश्न-पत्र व सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 अंक दिये जायेंगे। अनुत्तरित प्रश्न के लिये कोई अंक नहीं है। ऋणात्मक मूल्यांकन का प्रावधान नहीं हैं।

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न-पत्र I | सामान्य प्रश्न-पत्र | (प्रश्न संख्या 1-50) |
| प्रश्न-पत्र II | परीक्षार्थी द्वारा चयनित विषय का प्रश्न-पत्र | (प्रश्न संख्या 51-150) |

3. इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या आवरण पृष्ठ पर दर्शाई गई है। परीक्षार्थी को सलाह दी जाती है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पृष्ठ ठीक से मुद्रित और जिल्दबंद हों। अन्यथा वे उसी सेट की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका तत्काल माँग लें।
4. कृपया उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर ही आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं।
5. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न-पुस्तिका के निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर-पत्र (ओ.एम.आर. शीट) पर भी नहीं।
6. किसी प्रकार का केल्कुलेटर, लॉग टेबल व किसी प्रकार का इलेक्ट्रानिक डिवाइस आदि का प्रयोग वर्जित है।
7. जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने का निर्देश दिया जाये उसके पश्चात् ही उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) में उत्तर को चिन्हित करने के लिये केवल काले बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें।
8. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् ओ.एम.आर. शीट वीक्षक को सौंपने के पश्चात् ही अभ्यर्थी कक्ष छोड़ेंगे।
9. उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर.) पर उत्तर देने से पहले दिए गए निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. **Each question has four options. There is only one correct answer to each question. Choose the appropriate option and darken/blacken the corresponding circle on the Answer Sheet (OMR Sheet) with black point pen.**
2. **In this examination there are two question papers, consisting of 150 objective type questions and each question carries 2 marks. Both the question papers and all the questions are compulsory. Two (2) marks shall be awarded for each correct answer. Unanswered question will not be given any marks. There is no provisions for Negative Marking.**

| | | |
|---|---|---|
| **Paper I** | **General paper** | **(Q. No. 1-50)** |
| **Paper II** | **Question paper on the Subject opted by the examinee** | **(Q. No. 51-150)** |

3. **No. of pages consisting of this question booklet is indicated over the cover page. Candidates are advised to ensure that all the pages of Question Booklet are properly printed and binded. Otherwise they may demand the other Question Booklet of the same set.**
4. **Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR Sheet) only at the places indicated and nowhere else.**
5. **Examinee should do all rough work on the spaces meant for rough work on the pages given in the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR Sheet).**
6. **Use of any type of calculator, log table or any type of electronic devices etc. are not allowed.**
7. **Use only black ball point pen to mark the answers in the Answer Sheet (OMR Sheet) only after you are instructed to open the Question Booklet.**
8. **Candidates will leave the Examination Hall only after handing over the Answer Sheet (OMR Sheet) to the Invigilator at the end of the examination.**
9. **Before answering on Answer Sheet (OMR Sheet) ensure to follow the instructions given for that.**

(SPACE FOR ROUGH WORK)

रफ़ कार्य के लिए जगह

51. समाक्षर-लोप का उदाहरण है :

(A) विज्ञप्तिका = विनती

(B) फलाहारी = फलारी

(C) नाककटा = नकटा

(D) सूची = सुई

52. प्राचीन भारतीय आर्यभाषा में 'अपश्रुति' किस कारण से होता है ?

(A) वाक्य की प्रकृति के कारण

(B) वाक्य में अन्तोदात्त के कारण

(C) पद में व्यंजन आद्युदात्त के कारण

(D) पद की प्रकृति अथवा विभक्ति या प्रत्यय में स्वर परिवर्तन के कारण

53. "जो भाषा आज हिन्दुस्तानी कहलाती है, उसी का नाम हिन्दी, उर्दू और रेखता भी है। इसमें अरबी, फारसी, संस्कृत भाषा के शब्द हैं।"

—यह कथन किस विद्वान का है ?

(A) मिस्टर बीम्स

(B) डॉक्टर गिलक्राइस्ट

(C) डॉक्टर राजेन्द्र लाल मिश्र

(D) ग्रियर्सन

54. पूर्वी हिन्दी का विकास किससे हुआ है ?

(A) अर्द्धमागधी अपभ्रंश

(B) शौरसेनी अपभ्रंश

(C) मागधी अपभ्रंश

(D) पैशाची अपभ्रंश

55. राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 कब से लागू की गयी थी ?

(A) 26 जनवरी, 1965

(B) 14 सितम्बर, 1963

(C) 12 अक्टूबर, 1964

(D) 11 जनवरी, 1963

56. अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं ?

(A) पाँच (B) सात

(C) आठ (D) तीन

57. हिन्दी की कौनसी बोली 'जाटू' या 'हरियानी' नाम से भी जानी जाती है ?

(A) ब्रजभाषा (B) कन्नौजी

(C) बांगरू (D) बुन्देली

58. वर्तमान देवनागरी लिपि किस लिपि का परिवर्तित रूप है ?

(A) आर्यन लिपि (B) कैथी लिपि

(C) संस्कृत लिपि (D) ब्राह्मी लिपि

59. धातुओं को छोड़कर शेष शब्दों के आगे प्रत्यय लगाने से निर्मित होने वाले शब्दों को क्या कहते हैं ?

(A) कृदन्त (B) तद्धित

(C) तद्भव (D) तत्सम

60. करण-कारक का उदाहरण है :

(A) यात्रा भोपाल से रवाना हुई ।

(B) हिमालय से गंगा निकलती है ।

(C) आपके दर्शन से लाभ हुआ ।

(D) पेड़ से पत्ते गिरते हैं ।

61. राहुल सांकृत्यायन ने सिद्धों की संख्या कितनी मानी है ?

(A) 84 (B) 36

(C) 21 (D) 51

62. विद्यापति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों का अवलोकन कीजिए :

(क) विद्यापति ने संस्कृत भाषा में कोई ग्रंथ नहीं लिखा ।

(ख) विद्यापति दरबारी कवि नहीं थे ।

(ग) विद्यापति मिथिला निवासी थे ।

(घ) विद्यापति ने 'कीर्तिलता' और 'कीर्तिपताका' की रचना अवहट्ठ में की थी ।

उपर्युक्त कथनों के आधार पर सही उत्तर है :

(A) (क) और (ख) दोनों सही

(B) (ग) और (घ) दोनों सही

(C) (क) और (ग) दोनों सही

(D) (ख) और (घ) दोनों सही

63. "देश में मुसलमानों का राज्य प्रतिष्ठित हो जाने पर हिन्दू जनता के हृदय में गौरव, गर्व और उत्साह के लिए वह अवकाश न रह गया । ......................अपने पौरुष से हताश जाति के लिए भगवान की शक्ति और करुणा की ओर ध्यान ले जाने के अतिरिक्त दूसरा मार्ग ही क्या था ?"

भक्तिकाल के प्रादुर्भाव के बारे में यह कथन किसका है ?

(A) रामकुमार वर्मा

(B) रमाशंकर शुक्ल 'रसाल'

(C) रामचंद्र शुक्ल

(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

64. मध्यकालीन वैष्णवाचार्यों और उनके दार्शनिक विचारों की दृष्टि से कौनसा विकल्प असंगत है ?

(A) निम्बार्काचार्य–द्वैताद्वैतवाद

(B) वल्लभाचार्य–शुद्धाद्वैतवाद

(C) रामानुजाचार्य–विशिष्टाद्वैतवाद

(D) मध्वाचार्य–अद्वैतवाद

65. पंडित रामगुलाम द्विवेदी ने तुलसीदास द्वारा रचित ग्रंथों की संख्या कितनी मानी है ?

(A) 13

(B) 12

(C) 7

(D) 10

66. "नेही महा ब्रजभाषा प्रबीन औ सुंदरतानि के भेद को जानै ।
जोग-वियोग की रीति मैं कोबिद भावनाभेद स्वरूप को ठानै ?

ये पंक्तियाँ किस कवि के बारे में कही गई हैं ?

(A) आलम

(B) पद्माकर

(C) घनानंद

(D) बिहारी

67. 'हरिश्चन्द्र मैगजीन' का प्रकाशन कहाँ से आरम्भ हुआ ?

(A) कलकत्ता

(B) अलीगढ़

(C) बनारस

(D) जयपुर

68. "छायावाद शब्द का प्रयोग दो अर्थों में समझना चाहिए । एक तो रहस्यवाद के अर्थ में, जहाँ उसका सम्बन्ध काव्यवस्तु से होता है अर्थात् जहाँ कवि उस अनंत और अज्ञात प्रियतम को आलंबन बनाकर अत्यंत चित्रमयी भाषा में प्रेम की अनेक प्रकार से व्यंजना करता है। ......................छायावाद शब्द का दूसरा प्रयोग काव्यशैली या पद्धतिविशेष के व्यापक अर्थ में है ।"

छायावाद के सम्बन्ध में यह किसका कथन है ?

(A) रामविलास शर्मा (B) नंददुलारे वाजपेयी

(C) रामचन्द्र शुक्ल (D) मुकुटधर पाण्डेय

69. रचना और रचनाकार की दृष्टि से कौनसा विकल्प सुमेलित नहीं है ?

(A) विष्णुप्रिया – कुँवर नारायण

(B) कनुप्रिया – धर्मवीर भारती

(C) लोकायतन – सुमित्रानंदन पंत

(D) रश्मिरथी – रामधारी सिंह 'दिनकर'

70. (क) निर्मला (ख) गोदान

(ग) गबन (घ) प्रेमाश्रम

प्रेमचंद के इन उपन्यासों के प्रकाशन वर्ष का सही आरोही क्रम है :

(A) (क), (ग), (घ), (ख)

(B) (ख), (घ), (क), (ग)

(C) (घ), (क), (ग), (ख)

(D) (ग), (क), (घ), (ख)

71. आचार्य मम्मट ने काव्य के कितने प्रयोजन निर्दिष्ट किए हैं ?

(A) 02 (दो) (B) 04 (चार)

(C) 06 (छः) (D) 03 (तीन)

72. रस-सिद्धान्त के भरत-परवर्ती आचार्यों में किसका नाम काल-क्रमानुसार सर्वप्रथम आता है ?

(A) शंकुक (B) भट्टलोल्लट

(C) भट्टनायक (D) अभिनव गुप्त

73. "भारतीय रस-सिद्धान्त की तुलना में डॉ. रिचर्ड्स का भाव-प्रेरण सिद्धान्त अधिक स्पष्ट, व्यावहारिक एवं मनोविज्ञानसम्मत है।" यह कथन किसका है ?

(A) डॉ. गणपतिचन्द्र गुप्त

(B) डॉ. नगेन्द्र

(C) डॉ. राममूर्ति त्रिपाठी

(D) डॉ. देवेन्द्रनाथ शर्मा

74. "चिर जीवो जोरी जुरै, क्यों न सनेह गंभीर।
को घटि ये वृषभानुजा, वे हलधर के वीर॥"
इन पंक्तियों में कौनसी शब्दशक्ति है ?

(A) अभिधा (B) लक्षणा

(C) व्यंजना (D) प्रयोजनवती

75. "दुलहिन गावहु मंगलाचार ।
हम घर आये राजाराम भरतार ॥"
उपर्युक्त पंक्तियों में 'दुलहिन' और 'भरतार' शब्द क्रमशः किसके प्रतीक हैं ?

(A) आत्मा, परमात्मा

(B) परमात्मा, आत्मा

(C) अनाहतनाद, आनंद

(D) मधुरता, हृदय

76. "काव्य की पूर्ण अनुभूति के लिए कल्पना का व्यापार कवि और श्रोता दोनों के लिए अनिवार्य है।" यह कथन किस आलोचक का है ?

(A) नंददुलारे वाजपेयी (B) डॉ. नगेन्द्र

(C) रामचन्द्र शुक्ल (D) कॉलरिज

77. निम्नलिखित में से कौन रूपवाद से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) रेमंड विलियम्स

(B) तानिनोव

(C) विस्टर श्केलोवस्की

(D) बोरिस तोयस्जेवस्की

78. प्लेटो ने काव्य के कौनसे भेद स्वीकार किए हैं ?

(1) अनुकरणात्मक–प्रहसन और दुःखांतक (नाटक)

(2) वर्णनात्मक–डिथिरैंब (प्रगीत)

(3) मिश्र–महाकाव्य (जैसे होमर, इलियट/ओडेसी)

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) केवल 1, 2 (B) केवल 2, 3

(C) केवल 1, 3 (D) 1, 2, 3 तीनों

79. 'मेरे विद्यापीठ के दो भाग हैं–एक है शरीर और दूसरा मस्तिष्क, अन्य सभी छात्र शरीर हैं और अरस्तू मस्तिष्क है।' यह कथन किस पाश्चात्य दार्शनिक का है ?

(A) प्लेटो (B) हेरमियास

(C) होमर (D) सुकरात

80. निर्वैयक्तिकता के संदर्भ में टी.एस. इलियट किसके विचारों से प्रभावित थे ?

(A) क्रिस्टोफर कॉडवेल (B) एजरा पाउण्ड

(C) टिलियर्ड (D) किर्केगार्ड

81. लल्लूलाल जी कृत 'प्रेमसागर' किस रूप में लिखित है ?

(A) ब्रजभाषा में

(B) खड़ी बोली पद्य में

(C) खड़ी बोली गद्य में

(D) अवधी मिश्रित गद्य में

82. 'हिन्दी साहित्य का आधा इतिहास' किसकी पुस्तक है ?

(A) क्षमा शर्मा (B) प्रभा खेतान

(C) नासिरा शर्मा (D) सुमन राजे

83. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने हिन्दी के किन गद्यकारों को अंग्रेजी गद्य साहित्य के एडीसन और स्टील के समान माना है ?

(A) प्रताप नारायण मिश्र और बालकृष्ण भट्ट

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी और बालमुकुंद गुप्त

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी और चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'

(D) सरदार पूर्णसिंह और बालमुकुंद गुप्त

84. 'हिंदी नई चाल में ढली' इसका उल्लेख 'कालचक्र' नाम की पुस्तक में कब किया गया ?

(A) सन् 1870 ई. (B) सन् 1873 ई.

(C) सन् 1880 ई. (D) सन् 1885 ई.

85. निम्नलिखित में से कौन 'मनोविश्लेषणवाद' से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) फ्रायड (B) युंग

(C) कॉडवेल (D) एडलर

86. 'दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र' किस लेखक की रचना है ?

(A) कँवल भारती

(B) डॉ. तुलसीराम

(C) मोहनदास नैमिशराय

(D) ओमप्रकाश वाल्मीकि

87. 'भारतमाता : धरतीमाता' किस विचारक के सांस्कृतिक लेखों का संग्रह है ?

(A) डॉ. राममनोहर लोहिया

(B) डॉ. भीमराव अंबेडकर

(C) मोहनदास करमचंद गांधी

(D) पंडित मदन मोहन मालवीय

88. निम्नलिखित में से किसका सम्बन्ध 'मूकनायक' पत्रिका से है ?

(A) डॉ. भीमराव अंबेडकर

(B) महात्मा गांधी

(C) सुभाषचन्द्र बोस

(D) डॉ. राममनोहर लोहिया

89. निम्नलिखित में से किस विचारक का सम्बन्ध 'अस्तित्ववाद' से है ?

(A) रॉबर्ट पेन वारेन (B) किर्कगार्ड

(C) क्लीन्थ ब्रुक्स (D) एलेन टेट

90. किस लेखक ने 'भुजंग भूषण भट्टाचार्य' के छद्म नाम से 'कवियों की उर्मिला विषयक उदासीनता' नामक लेख लिखा था ?

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(B) बालमुकुंद गुप्त

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(D) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी'

91. निम्नलिखित में से 'कामायनी' के क्रमागत सर्गों का सही अनुक्रम है :

(A) कर्म, काम, वासना, लज्जा

(B) काम, वासना, लज्जा, कर्म

(C) वासना, लज्जा, काम, कर्म

(D) लज्जा, वासना, कर्म, काम

92. "मैं नीर भरी दुःख की बदली'–महादेवी वर्मा का यह गीत इनमें से उनके किस काव्यसंग्रह में संकलित है ?

(A) 'दीपशिखा' में (B) 'नीरजा' में

(C) 'रश्मि' में (D) 'सान्ध्यगीत' में

93. भवानीप्रसाद मिश्र कृत निम्नलिखित पंक्तियों को, कविता में लिखे के अनुसार, पहले से बाद के क्रम में लगाइए ।

(1) जी, यह मसान में भूख जगाता है,

(2) यह गीत पिया को पास बुलाएगा !

(3) यह सोच-सोचकर मर जाने का गीत,

(4) यह गीत पहाड़ी पर चढ़ जाता है,

नीचे दिए गये विकल्पों में से सही उत्तर है :

(A) 3, 1, 4, 2 (B) 4, 3, 2, 1

(C) 2, 4, 1, 3 (D) 2, 3, 1, 4

94. निम्नलिखित में से किस कृति की रचना 'मुसद्दसे हाली' की प्रतिक्रिया में हुई ?

(A) 'भारत-भारती' की

(B) 'शासन की बंदूक' की

(C) 'प्रियप्रवास' की

(D) 'जागो फिर एक बार' की

95. 'उर्वशी' काव्यकृति के तृतीय अंक के प्रारम्भ में इनमें से किस 'पर्वत' का उल्लेख हुआ है ?

(A) 'रामगिरि' (B) 'गन्धमादन'

(C) 'आम्रकूट' (D) 'मैनाक'

96. 'प्रकाशन-वर्ष' के अनुसार 'अज्ञेय' की निम्नलिखित काव्यकृतियों का इनमें से सही क्रम है :

(A) 'हरी घास पर क्षण भर', 'इन्द्रधनु रौंदे हुए ये', 'बावरा अहेरी', 'आँगन के पार द्वार'

(B) 'इन्द्रधनु रौंदे हुए ये', 'हरी घास पर क्षण भर' 'बावरा अहेरी', 'आँगन के पार द्वार'

(C) 'हरी घास पर क्षण भर', 'बावरा अहेरी', 'आँगन के पार द्वार', 'इन्द्रधनु रौंदे हुए ये'

(D) 'हरी घास पर क्षण भर', 'बावरा अहेरी', 'इन्द्रधनु रौंदे हुए ये', 'आँगन के पार द्वार'

97. "जिन्ह घर कन्ता ते सुखी तिन्ह गारौ तिन्ह गर्व ।

कन्त पियारा बाहिरें हम सुख भूला सर्व ।।"– यह दोहा जायसी कृत 'पद्मावत' के 'नागमती वियोग खण्ड' के किस मास के वर्णन के अन्त में आया है ?

(A) 'सावन'

(B) 'फागुन'

(C) 'असाढ़'

(D) 'माघ'

98. 'रेवा तट' चंदबरदाई कृत 'पृथ्वीराज रासो' का कौनसा 'समय' है ?

(A) 27वाँ

(B) 24वाँ

(C) 26वाँ

(D) 28वाँ

99. 'दिवस का अवसान समीप था ।

गगन था कुछ लोहित हो चला ।

तरु-शिखा पर थी अवराजती ।

कमलिनी-कुल-बल्लभ की प्रभा ।।

इन काव्यपंक्तियों में प्रयुक्त 'छन्द' है :

(A) 'वसंततिलका'

(B) 'द्रुतविलम्बित'

(C) 'वंशस्थ'

(D) 'उपेन्द्रवज्रा'

100. "नीर-सनेही कों लाय कलंक निरास ह्वै कायर त्यागत प्रानै ।"–इस काव्यपंक्ति के रचयिता हैं :

(A) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(B) तुलसीदास

(C) भिखारीदास

(D) घनानन्द

101. 'देवरानी-जेठानी की कहानी' उपन्यास में कथानक के केन्द्र में किस शहर का वर्णन है ?

(A) मेरठ

(B) आजमगढ़

(C) गाजीपुर

(D) मिर्जापुर

102. "मेहरिया रख लेना पाप नहीं, हाँ, रख के छोड़ देना पाप है ।" 'गोदान' उपन्यास में यह कथन कौन किससे कहता है ?

(A) होरी धनिया से

(B) धनिया होरी से

(C) धनिया दातादीन से

(D) झुनिया गोबर से

103. "........................ने दो आजाद देशों की, हिन्दुस्तान और पाकिस्तान की ईमानदारी को, इंसानियत को; बस दो डेग में ही नाप लिया ।" 'मैला आँचल' उपन्यास में उल्लेखित इस कथन के रिक्त स्थान की सार्थक पूर्ति हेतु सही विकल्प का चयन कीजिए ।

(A) बालदेव (B) कालीचरन

(C) तहसीलदार (D) बावन

104. "इसमें फूल भी हैं शूल भी, धूल भी है, गुलाब भी, कीचड़ भी है, चन्दन भी, सुन्दरता भी है, कुरूपता भी–मैं किसी से दामन बचाकर निकल नहीं पाया ।" आत्म वक्तव्य की ये पंक्तियाँ किस उपन्यास के उपन्यासकार की हैं ?

(A) धरती धन न अपना

(B) मैला आँचल

(C) मानस का हंस

(D) राग दरबारी

105. "पुरुष स्त्री को शक्ति समझकर ही पूर्ण हो सकता है, पर स्त्री, स्त्री को शक्ति समझकर अधूरी रह जाती है ।" 'बाणभट्ट की आत्मकथा' उपन्यास में यह कथन किसका है ?

(A) बाबा

(B) आनंद भैरव

(C) महामाया

(D) विरतिवज्र

106. "निस्संदेह ! मित्रता ऐसी ही चीज है पर जो लोग प्रीति का सुख नहीं जानते वह किसी तरह इसका भेद नहीं समझ सकते,"–'परीक्षा-गुरु' उपन्यास में इस कथन के वक्ता कौन हैं ?

(A) लाला हरदयाल

(B) लाला मदनमोहन

(C) लाला ब्रजकिशोर

(D) मास्टर शिंभूदयाल

107. "हर बड़े राजनीतिज्ञ की तरह वे राजनीति से नफ़रत करते थे और राजनीतिज्ञों का मजाक उड़ाते थे ।" यह कथन 'राग दरबारी' में किसके लिए लिखा गया है ?

(A) वैद्यजी (B) सनीचर

(C) रुप्पन बाबू (D) खन्ना मास्टर

108. 'आपका बंटी' उपन्यास की भूमिका किस शीर्षक से लिखी गयी है ?

(A) जन्मपत्री : बंटी की

(B) बांकुरा की एक साँझ

(C) माँ और नये पिता के बीच एक बालक

(D) तीन निगाहों की एक तस्वीर

109. कृष्णा सोबती के उपन्यास 'जिन्दगीनामा' पर कौनसी हिन्दी फिल्म बनी है ?

(A) खामोश पानी

(B) गदर ! एक प्रेम कहानी

(C) वीर जारा

(D) ट्रेन टू पाकिस्तान

110. निम्नलिखित उपन्यासों को प्रकाशन-वर्ष के अनुसार व्यवस्थित कर सही विकल्प का चयन कीजिए ।

(A) शेखर : एक जीवनी (I), मैला आँचल, ज़िन्दगीनामा, धरती धन न अपना ।

(B) मैला आँचल, शेखर : एक जीवनी (I), ज़िंदगीनामा, धरती धन न अपना ।

(C) शेखर : एक जीवनी (I), मैला आँचल, धरती धन न अपना, ज़िंदगीनामा ।

(D) मैला आँचल, ज़िंदगीनामा, शेखर : एक जीवनी (I), धरती धन न अपना ।

111. कालक्रम की दृष्टि से निम्नलिखित कहानियों का सही क्रम बताइए :

(A) दुलाईवाली–कानों में कंगना–ईदगाह–एक टोकरी भर मिट्टी

(B) एक टोकरी भर मिट्टी–दुलाईवाली–ईदगाह, कानों में कंगना

(C) कानों में कंगना–दुलाईवाली–एक टोकरी भर मिट्टी–ईदगाह

(D) एक टोकरी भर मिट्टी–दुलाईवाली–कानों में कंगना–ईदगाह

112. 'परिन्दे' को नई कहानी की पहली कहानी मानने वाले आलोचक निम्नलिखित में से कौन हैं ?

(A) बच्चन सिंह

(B) नामवर सिंह

(C) मधुरेश

(D) गोपाल राय

113. निम्नलिखित में से किस कहानी में 'चम्पिया' नामक पात्र है ?

(A) लाल पान की बेगम

(B) राजा निरबंसिया

(C) तीसरी कसम

(D) अपना–अपना भाग्य

114. निम्नलिखित पात्रों को उनसे सम्बन्धित कहानियों से सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (1) सुधीर | (a) राही |
| (2) धुन्नीराम | (b) पिता |
| (3) करीमुद्दीन | (c) तीसरी कसम |
| (4) अनीता | (d) परिन्दे |

(A) 1-b, 2-a, 3-d, 4-c

(B) 1-d, 2-a, 3-c, 4-b

(C) 1-b, 2-c, 3-d, 4-a

(D) 1-a, 2-d, 3-b, 4-c

115. 'उसने कहा था' कहानी की पृष्ठभूमि क्या है ?

(A) भारत का प्रथम स्वाधीनता संग्राम

(B) प्रथम विश्व युद्ध

(C) द्वितीय विश्व युद्ध

(D) भारत-चीन युद्ध

116. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य **नहीं** है ?

(A) प्रेमचन्द की 'दुनिया का सबसे अनमोल रतन' कहानी उनके 'सोज़े वतन' संग्रह में प्रकाशित हुई थी ।

(B) 'उसने कहा था' चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' की लिखी एकमात्र कहानी है ।

(C) 'राजा निरबंसिया' कहानी में दोहरे कथा शिल्प का प्रयोग हुआ है ।

(D) शेखर जोशी का पहला कहानी संग्रह 'कोसी का घटवार' 1958 ई. में प्रकाशित हुआ था ।

117. निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए, सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) अज्ञेय की 'गैंग्रीन' मनोविज्ञान के धरातल पर गहरे पैठकर लिखी गई कहानी है।

(2) जैनेन्द्र ने कहानी को 'घटना' के स्तर से उठाकर चरित्र और मनोवैज्ञानिक सत्य पर लाने का प्रयास किया ।

(A) कथन 1 सही है, कथन 2 गलत है

(B) कथन 1 गलत है, कथन 2 सही है

(C) कथन 1 व 2 दोनों गलत हैं

(D) कथन 1 व 2 दोनों सही हैं ।

118. निम्नलिखित में से कौनसी बात 'चंद्रदेव से मेरी बातें' कहानी की कथावस्तु एवं शैली से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) चन्द्रदेव की पूजा

(B) पत्रात्मक शैली

(C) व्यंग्यात्मक भाषा

(D) राजनीति और अर्थनीति का चित्रण

119. 'कानों में कँगना' किस वर्ष प्रकाशित हुई थी ?

(A) 1912

(B) 1913

(C) 1914

(D) 1915

120. निम्नलिखित में से किसे आंचलिक कथाकार के रूप में ख्याति प्राप्त है ?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) जैनेन्द्र

(C) कृष्णा सोबती

(D) फणीश्वरनाथ रेणु

121. 'चंद्रगुप्त' नाटक में निम्नलिखित में से कौनसा पात्र नहीं है ?

(A) सिंहरण (B) नंद

(C) खिंगिल (D) दाण्ड्यायन

122. 'अंधायुग' नाटक के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से असत्य है :

(A) 'अंधायुग' नाटक की कथावस्तु पूर्णत: स्वकल्पित है ।

(B) दृश्य-परिवर्तन या अंक परिवर्तन के साथ कथा गायन की योजना है ।

(C) नाटक के संवाद मुक्त छन्दों में हैं ।

(D) नाटक की कथावस्तु पाँच अंकों में विभाजित है । बीच में अन्तराल है ।

123. "शक्ति के कारण, तुम्हारी नियति तय करने का उसे अधिकार था । सवाल है, उसने जो तय कर दिया, उस पर तुम चले क्यों नहीं ? याद है, जब तुमने विरोध की भाषा अपनाई, सत्ता ने तुम्हारे अस्तित्व पर सीधे हमला किया। कभी प्रलोभन देकर, कभी आतंक जमाकर । इसलिए विरोध मत करो । सब विरोध बकवास है ।"

उपर्युक्त अंश निम्नलिखित में से किस नाटक से लिया गया है ?

(A) एक और द्रोणाचार्य

(B) महाभोज

(C) आगरा बाजार

(D) आधे-अधूरे

124. 'आषाढ़ का एक दिन' के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से असत्य है :

(A) हिन्दी में यह पहला यथार्थवादी नाटक है, जो बाह्य और आंतरिक यथार्थ के अंतर्द्वन्द्व को संवेदनशीलता के साथ देखता है ।

(B) प्रस्तुत नाटक चार अंकों में विभक्त है।

(C) इस नाटक की प्रत्यक्ष विषय-वस्तु कालिदास के जीवन से सम्बन्धित है ।

(D) इसमें बिंबों के प्रभावी नाटकीय प्रयोग के साथ-साथ शब्दों की अपूर्व मितव्ययता भी है ।

125. "जै जै कलियुग राज की, जै महामोह महाराज की ।
अटल छत्र सिर फिरत थाप जग मानत जाके काज की ।
कलह अविद्या मोह मूढ़ता सबै नास के साज की ॥"

'भारत दुर्दशा' नाटक की उपर्युक्त पंक्तियाँ किस राग में निबद्ध हैं ?

(A) राग धनाश्री (B) राग टोड़ी

(C) राग काफी (D) राग बिलावल

126. 'अंजो दीदी' नाटक में पति-पत्नी का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किन पात्रों के मध्य है ?

(A) अंजली-इन्द्रनारायण

(B) अंजली-श्रीपत

(C) अनिमा-इन्द्रनारायण

(D) मुन्नी-श्रीपत

127. "प्रजहाति यदा कामान् सर्वान् पार्थ मनोगतान्।
आत्मन्येव: आत्मनौ तुष्ट: स्थितप्रज्ञ: तदोच्यते ॥
दुखेषु अनुद्विग्न मन: सुखेषु विगतस्पृह: ।
वीतराग भयं क्रोध: स्थित धी: मुनिरुच्यते ॥"

उपर्युक्त अंश निम्नलिखित में से किस पात्र के द्वारा कहा गया है ?

(A) पुरोहित

(B) भारत दुर्देव

(C) दा साहब

(D) युधिष्ठिर

128. "हम कुछ सुनना नहीं चाहते । अपना फैसला हमने बता दिया । यदि यह नहीं हुआ, तो खैर नहीं, पर हमें देवी प्यारी है । उसका हुक्म हुक्म है । यदि वह कोई सजा कहेगी तो वह भी हमें देनी होगी । जो बदमाशी करेगा उसे परलोक भी भेजा जा सकता है।"

'बकरी' नाटक का प्रस्तुत अंश किस अंक के किस दृश्य से लिया गया है ?

(A) पहले अंक के दूसरे दृश्य से

(B) दूसरे अंक के पहले दृश्य से

(C) दूसरे अंक के दूसरे दृश्य से

(D) दूसरे अंक के तीसरे दृश्य से

129. ककड़ीवाला किस रचना का पात्र है ?

(A) आगरा बाजार

(B) ध्रुवस्वामिनी

(C) अंजो दीदी

(D) महाभोज

130. चंद्रकला और मनोरमा किस नाटक की पात्रायें हैं ?

(A) सिन्दूर की होली

(B) महाभोज

(C) आधे-अधूरे

(D) ध्रुवस्वामिनी

131. "जन्म दिया माता सा जिसने, किया सदा लालन-पालन ।
जिसकी मिट्टी जल से ही है, रचा गया हम सबका तन ।।"

उपर्युक्त पंक्तियाँ किसके द्वारा रचित हैं ?

(A) माखनलाल चतुर्वेदी

(B) मन्नन द्विवेदी

(C) चंदन द्विवेदी

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

132. 'दिल्ली दरबार दर्पण' निबन्ध के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है ?

(A) 01 जनवरी को दरबार का महोत्सव हुआ।

(B) यह दरबार जो हिन्दुस्तान के इतिहास में सदा प्रसिद्ध रहेगा, एक बड़े भारी मैदान में नगर से पाँच मील पर हुआ था ।

(C) बीच में श्रीयुत वाइसराय का गोल चबूतरा था ।

(D) इस चबूतरे पर श्रीयुत अपने राजसिंहासन में सुशोभित हुए थे ।

133. 'भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है' निबन्ध के प्रारम्भ में किस शहर का उल्लेख किया गया है ?

(A) बनारस (B) बलरामपुर

(C) बलिया (D) बस्ती

134. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है ?

(A) "उधर प्रभात ने अपनी सुफेद किरणों से अंधेरी रात पर सुफेदी-सी छिटकाई इधर मेरी प्रेयसी, मैना अथवा कोयल की तरह अपने बिस्तर से उठी।"

—मजदूरी और प्रेम

(B) "भविष्य का ज्ञान अत्यन्त अद्‌भुत और रहस्यमय है, जिसके कारण प्राणी आने वाली विपत्ति की कुछ भी भावना न करके अपनी दशा में मग्न रहता है।"

—कविता क्या है ?

(C) "विलासिता और कलात्मक विलासिता एक ही वस्तु नहीं है ।"

—उत्तरा फाल्गुनी के आस-पास

(D) "महीनों से मन बेहद-बेहद उदास है । उदासी की कोई खास वजह नहीं; कुछ तबियत ढीली, कुछ आस-पास के तनाव और कुछ उनसे टूटने का डर, खुले आकाश के नीचे भी खुलकर साँस लेने की जगह की कमी ।"

—मेरे राम का मुकुट भीग रहा है

135. "जैसे कई अंधों के आगे हाथीं आवै और कोई उसका नाम बता दे, तो सब उसे टटोलेंगे। यह तो संभव ही नहीं है कि मनुष्य के बालक की भाँति उसे गोद में लेके सब कोई अवयव का ठीक-ठीक बोध कर ले।" उपर्युक्त गद्यांश किस निबंध से उद्धृत है ?

(A) मेरे राम का मुकुट भीग रहा है

(B) कविता क्या है

(C) संस्कृति और सौन्दर्य

(D) शिवमूर्ति

136. 'मजदूरी और प्रेम' सहित सरदार पूर्णसिंह ने कुल कितने निबंध लिखे हैं ?

(A) पाँच (B) छः

(C) सात (D) आठ

137. 'संस्कृति और सौन्दर्य' निबन्ध में नामवर सिंह ने आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी की लालित्य मीमांसा के कितने सूत्रों का वर्णन किया है ?

(A) तीन

(B) पाँच

(C) सात

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

138. 'उत्तरा फाल्गुनी' किस ऋतु का नक्षत्र है ?

(A) ग्रीष्म

(B) वर्षा

(C) बसन्त

(D) शरद ऋतु

139. 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' निबन्ध में उल्लेख है कि तुलसीदास ने.................को 'सत अवध समाना' कहा है ।

(A) कानन

(B) आनन

(C) मिथिला

(D) चित्रकूट

140. निम्नलिखित में से कौनसा निबन्ध हजारीप्रसाद द्विवेदी द्वारा रचित नहीं है ?

(A) संस्कृतियों का संगम

(B) साहित्य का नया कदम

(C) महिलाओं की लिखी कहानियाँ

(D) भारतीय साहित्य की प्राणधारा और लोकधर्म

141. महादेवी वर्मा के रेखाचित्र 'ठकुरी बाबा' के ठकुरी बाबा क्या हैं ?

(A) नर्तक

(B) वादक

(C) लेखक

(D) रसिया, बिरहा गायक

142. तुलसीराम की आत्मकथा 'मुर्दहिया' का आरंभ होता है :

(A) भूतप्रेत और अंधविश्वास से

(B) स्कूली वातावरण से

(C) समाज के उदात्त रूप से

(D) पूजा-पाठ से

143. 'प्रेमचन्द घर में' किस विधा की रचना है ?

(A) आत्मकथा (B) जीवनी

(C) रेखाचित्र (D) डायरी

144. मन्नू भण्डारी के पति कौन थे ?

(A) निर्मल वर्मा (B) कमलेश्वर

(C) राजेन्द्र यादव (D) अमरकांत

145. विष्णु प्रभाकर कृत 'आवारा मसीहा' किसकी जीवनी है ?

(A) शरतचन्द्र (B) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(C) कालिदास (D) जयशंकर प्रसाद

146. हरिवंश राय बच्चन की आत्मकथा 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' कब प्रकाशित हुई ?

(A) 1959 ई. (B) 1969 ई.

(C) 1979 ई. (D) 1989 ई.

147. कृष्णचन्द्र की हास्य-व्यंग्य कहानी का नाम है ?

(A) नीम का पेड़

(B) पीपल का पेड़

(C) बबूल का पेड़

(D) जामुन का पेड़

148. भारत के सांस्कृतिक इतिहास को किसने चार भागों (अध्यायों) में बाँटकर लिखा है ?

(A) हरिवंश राय बच्चन

(B) अज्ञेय

(C) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(D) मुक्तिबोध

149. राहुल सांकृत्यायन कृत 'मेरी तिब्बत यात्रा' का प्रकाशन वर्ष है :

(A) 1927 ई. (B) 1937 ई.

(C) 1947 ई. (D) 1957 ई.

150. अज्ञेय कृत 'अरे यायावर रहेगा याद' किस विधा की रचना है ?

(A) काव्य-संग्रह (B) संस्मरण

(C) यात्रा-वृत्तान्त (D) निबंध

(SPACE FOR ROUGH WORK)

रफ़ कार्य के लिए जगह

## (SPACE FOR ROUGH WORK)

रफ़ कार्य के लिए जगह